राधा ने काजल डाला

राधा ने काजल डाला संग में आई ब्रिज बाला,
सब देखि गली में आती यु बोला मुरली वाला
अरे सुन सुन क्यों इतनी शर्माती है मैया की कसम तू मेरे सपने में आती है,
राधा ने काजल डाला संग में आई ब्रिज बाला,

ओ राधा जिस दिन तेरा दीदार नही होता मुझे हो जाती वेचैनी ना रात भर सोता,
नैनो में तू ही समाई मन को भी तू ही बाई,
मैं हुआ दीवाना जब से तू देखे मुझे मुस्काई
अरे सुन सुन क्यों इतनी शर्माती है मैया की कसम तू मेरे सपने में आती है,
राधा ने काजल डाला संग में आई ब्रिज बाला,

मैंने मैया से भी बोला मेरा राधा से व्याह करवा दे
मैं केहता राधा राधा मेरे हाथो मांग भरा दे,
की मेरे दिल की चोरी तू बरसाने की छोरी
मैं नही छोड़ ने वाला तेरे प्यार की डोरी,
अरे सुन सुन क्यों इतनी शर्माती है मैया की कसम तू मेरे सपने में आती है,
राधा ने काजल डाला संग में आई ब्रिज बाला,

मैं तेरे बिना हु आधा तेरा साथ जरुरी है मेरे इन हाथो में तेरा हाथ जरुरी है,
जब मन का कमल खिलेगा जब दिल को चैन मिलेगा
है प्यार हमारा सचा हर जन्म में साथ चलेगा,
अरे सुन सुन क्यों इतनी शर्माती है मैया की कसम तू मेरे सपने में आती है,
राधा ने काजल डाला संग में आई ब्रिज बाला,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/16640/title/radha-ne-kajal-daala

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |